उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, शुक्रवार, 25 सितंबर 2026 ई-पेपर पेज 1 / 1

देश

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती की पूर्व संध्या पर मथुरा में हुआ ऐप्जा का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित।



संवाददाता हरिपाल सिंह मथुरा। श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती की पूर्व संध्या पर 24 सितंबर 2026 को मथुरा जनपद में ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (AIJPA) के तत्वावधान में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में देश एवं प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े पत्रकारों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने सहभागिता की।सम्मेलन का आयोजन ऐप्जा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र मिश्रा, को-ऑर्डिनेटर अनुराग एम. सारथी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गिरीश शुक्ला एवं प्रदेश अध्यक्ष समीर खान के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न विषयों, पत्रकारों की भूमिका, संगठन की मजबूती तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।सम्मेलन के दौरान संगठन के विस्तार एवं सक्रियता को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर नई जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। सुखबीर सिंह चौहान को मथुरा जिला अध्यक्ष तथा सोनू पाठक को मथुरा जिला प्रतिनिधि की जिम्मेदारी दी गई। इसके साथ ही लक्ष्मण सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। संगठन की ओर से पदाधिकारियों एवं पत्रकारों को सम्मानित करते हुए स्मृति स्वरूप तस्वीरें भी भेंट की गईं।आयोजकों की ओर से सम्मेलन में पहुंचे सभी ऐप्जा पदाधिकारियों एवं पत्रकार बंधुओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

एक नज़र में

सेवा संकल्प अभियान के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 175 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच,विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दिया परामर्श।

रफीगंज बाजार में एसपी प्राची सिंह ने पुलिस बल संग पैदल गश्त की

हरदुआगंज तापीय परियोजना में आज रक्तदान शिविर, सेवा संकल्प अभियान।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

सेवा संकल्प अभियान के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 175 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच,विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दिया परामर्श।



संवाददाता हरिपाल सिंह फरह। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सूर्या फाउंडेशन एवं गोस्वामी चिकित्सालय, दीनदयाल धाम के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया।शिविर में सर्वोदय हॉस्पिटल मथुरा के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं चिकित्सा टीम ने क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार संबंधी सुझाव दिए।शिविर में कुल 175 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

देश

रफीगंज बाजार में एसपी प्राची सिंह ने पुलिस बल संग पैदल गश्त की



संवाददाता इंद्रेश कुमार मिश्रा अंबेडकर नगर। थाना कटका क्षेत्र के रफीगंज बाजार में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने पर्याप्त पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान एसपी ने बाजार में भ्रमण कर आमजन एवं व्यापारियों से संवाद किया और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। पुलिस की पैदल गश्त से बाजार में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों को भरोसा मिला।

देश

हरदुआगंज तापीय परियोजना में आज रक्तदान शिविर, सेवा संकल्प अभियान।



सह संपादक अशोक कुमार अलीगढ़। हरदुआगंज तापीय परियोजना में रक्तदान शिविर आज दिनांक 24 सितंबर 2026 परियोजना चिकित्सालय हरद्वागंज में ब्लड बैंक जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज ए एम यू अलीगढ़ की टीम द्वारा आयोजन किया जा रहा है ।इंजीनियर अमिताभ आनंद मुख्य महाप्रबंधक ने सभी परियोजना वासियों से अनुरोध किया है कि इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग ले और सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम को सफल बनाएं डॉ संदीप कुमार यादव मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि रक्तदान पूर्णत: सुरक्षित एवं स्वैच्छिक है ।